CBSE Class 12 Hindi Core 2011 - Set 2/1/2

Question Paper

Conducted by the Central Board of Secondary Education (CBSE)

Time Allowed: 3 Hours **Maximum Marks: 100**

General Instructions

(i) इस प्रश्न-पत्र में कुल 14 मुख्य प्रश्न हैं।
(ii) उत्तर लिखना शुरू करने से पहले प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखिए।
(iii) प्रत्येक प्रश्न के साथ दिए गए निर्देशों, आंतरिक विकल्पों तथा शब्द-सीमाओं का पालन कीजिए।
(iv) प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिए अतिरिक्त 15 मिनट दिए गए हैं। इस अवधि में उत्तर न लिखें।

Section क

1(क). देशवासियों के लिए गर्व की बात क्या है ?

1(ख). देश की आशातीत प्रगति से जुड़ा धुँधला पक्ष क्या है ?

1(ग). नैतिक चरित्र से लेखक का क्या आशय है ?

1(घ). देश की प्रगति कब निरर्थक हो सकती है ?

1(ङ). 'नैतिकता मरी नहीं है' – पक्ष या विपक्ष में अपने विचार 4-5 वाक्यों में लिखिए ।

1(च). समाज अनैतिक पहलू से कैसे मुक्ति पा सकता है ?

1(छ). उपर्युक्त गद्यांश के लिए उपयुक्त शीर्षक दीजिए ।

1(ज). गद्यांश में प्रयुक्त किसी मुहावरे का वाक्य-प्रयोग कीजिए ।

1(झ). प्रत्यय अलग कीजिए – नैतिकता, ईमानदारी ।

1(ञ). उपसर्ग अलग कीजिए – निरर्थक, अधिकारी ।

1(ट). सरल वाक्य में बदलिए – लोग मान बैठे हैं कि यही हमारा राष्ट्रीय चरित्र है ।

2(क). युवकों के लिए फ़ौलादी शरीर की कामना क्यों की गई है ?

2(ख). किसकी गरदन मरोड़ने को कहा गया है और क्यों ?

2(ग). बलिष्ठ युवकों की चाल-ढाल के बारे में क्या कहा गया है ?

2(घ). युवकों की तेजस्विता के बारे में क्या कल्पना की गई है ?

2(ङ). उस पंक्ति को उद्धृत कीजिए जिसमें कहा गया है कि युवक अपने जीवन को लोक-कल्याण में लगा दें ।

Section ख

3. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए : (क) कम्प्यूटर की अपरिहार्यता (ख) बाढ़ और उसके बाद (ग) संपर्क भाषा हिंदी (घ) शक्तिशाली मीडिया

4. चुनाव के दिनों में बढ़ गए शोर और ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रित करने की अपील करते हुए थानाध्यक्ष को पत्र लिखिए ।

OR

4. राष्ट्रमंडल खेलों के सफल आयोजन में सहायता देने के लिए कुछ स्वयंसेवी युवक-युवतियों की आवश्यकता है जो खेल स्टेडियमों और खेल ग्राम में विभिन्न प्रकार के उत्तरदायित्वों में हाथ बँटा सकें । अपनी योग्यता और रुचियों का उल्लेख करते हुए मैनेजर, जनसंपर्क, ज.ला. नेहरू स्टेडियम, नई दिल्ली को पत्र लिखिए ।

5(क)(i). इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से क्या तात्पर्य है ?

5(क)(ii). समाचार लेखन के पाँच 'ककारों' को लिखिए ।

5(क)(iii). रेडियो की अपेक्षा टी.वी. समाचारों की लोकप्रियता के दो कारण लिखिए ।

5(क)(iv). किन्हीं चार हिंदी समाचार-पत्रों के नाम लिखिए जिनके इंटरनेट संस्करण भी उपलब्ध हों ।

5(क)(v). बीट रिपोर्टर किसे कहते हैं ?

5(ख). 'गोदामों में सड़ता अनाज और भूख से तड़पते लोग' अथवा 'गाँवों में फ़ैशन की दस्तक' विषय पर एक आलेख लिखिए ।

6. 'मेट्रो रेल का सफर' अथवा 'किसानों की समस्याएँ' विषय पर एक फ़ीचर का आलेख लिखिए ।

Section ग

7(क). 'विप्लव के वीर' किसे कहा गया है ? क्यों ?

7(ख). कृषक की दशा कवि के अनुसार कैसी हो गई है ? इसके लिए कौन उत्तरदायी है ?

7(ग). शोषकों के लिए 'रुद्ध कोष' और 'क्षुब्ध तोष' विशेषणों का औचित्य समझाइए ।

7(घ). धनी 'अंगना-अंग से लिपटे' हुए भी आतंकित क्यों हैं ?

OR

7(क). 'जागहु ताता' – कौन, किसे कह रहा है ? जगाने का संदर्भ क्या है ?

7(ख). भाई के बिना जीवन की तुलना किससे की गई है ? तुलना का सौंदर्य स्पष्ट कीजिए ।

7(ग). इन पंक्तियों में राम के माध्यम से तुलसी की नारी के बारे में जो मान्यता उजागर हुई है, उस पर अपने विचार लिखिए ।

7(घ). काव्यांश के आधार पर भाई के प्रति राम के प्रेम पर टिप्पणी कीजिए ।

8(क). काव्यांश में उपमा के सौंदर्य को स्पष्ट कीजिए ।

8(ख). मानवीकरण का एक उदाहरण छाँटकर उसका सौंदर्य समझाइए ।

8(ग). काव्यांश के बिंब-सौंदर्य पर टिप्पणी कीजिए ।

OR

8(क). काव्यांश की रचना किस छंद में हुई है ? उस छंद का लक्षण समझाइए ।

8(ख). भाव सौंदर्य स्पष्ट कीजिए – 'देख आईने में चाँद उतर आया है ।'

8(ग). काव्यांश की भाषा पर टिप्पणी कीजिए ।

9(क). 'आत्म परिचय' कविता में कवि क्यों कहता है – 'शीतल वाणी में आग लिए फिरता हूँ ?' इस कथन का आशय समझाइए ।

9(ख). भाव स्पष्ट कीजिए : कविता एक खिलना है फूलों के बहाने, कविता का खिलना फूल क्या जाने !

9(ग). 'जादू टूटता है इस इस उषा का अब' – उषा का जादू क्या है ? वह कैसे टूटता है ?

10(क). 'बाज़ार का जादू' क्या है ? उसके चढ़ने-उतरने का उपभोक्ता पर क्या प्रभाव पड़ता है ?

10(ख). जाति प्रथा को श्रम विभाजन का ही एक अंग न मानने के पीछे डॉ. भीमराव आंबेडकर के क्या-क्या तर्क थे ?

10(ग). 'नमक' कहानी में नमक की पुड़िया इतनी महत्त्वपूर्ण क्यों हो गई है ? कस्टम अधिकारी उसे लौटाते हुए भावुक क्यों हो उठा ?

10(घ). पहलवान लुट्टन सिंह को राजा साहब की कृपादृष्टि कब प्राप्त हुई ? वह उन सुविधाओं से वंचित कैसे हो गया ?

10(ङ). चार्ली चैप्लिन के व्यक्तित्व की तीन विशेषताओं का उल्लेख कीजिए ।

11(क). लेखिका और पाठ के नाम का उल्लेख करते हुए बताइए कि गद्यांश में किसके बारे में चर्चा है ?

11(ख). 'मेरे नाम की विशालता मेरे लिए दुर्वह है' – कथन का आशय समझाइए । लेखिका ने ऐसा क्यों कहा ?

11(ग). भक्तिन को समझदार क्यों कहा गया है ? वह अपना नाम किसी को क्यों नहीं बताती ?

11(घ). 'इतिवृत्त' शब्द का क्या अर्थ है ? 'इतिवृत्त' सुनाने के बाद भक्तिन ने क्या प्रार्थना की ?

OR

11(क). लेखक और पाठ का नामोल्लेख करते हुए बताइए कि गद्यांश में किस वनस्पति की चर्चा है ?

11(ख). 'अवधूत' किसे कहते हैं ? शिरीष को अवधूत क्यों कहा है ?

11(ग). 'एक बूढ़ा' से किसकी ओर संकेत है ? उसकी क्या विशेषता थी ?

11(घ). गांधी और शिरीष में क्या साम्य दिखाया गया है ?

12(क). ऐन फ्रेंक की डायरी किट्टी को संबोधित कर क्यों लिखी गई होगी ?

12(ख). कार्यालय में सेक्शन ऑफिसर वाई.डी. पंत और उनके सहकर्मियों के संबंध कैसे थे ?

12(ग). मुअनजो-दड़ो कहाँ है ? यह क्यों प्रसिद्ध है ?

13. 'सिल्वर वेडिंग' में पीढ़ियों के अंतराल को किस प्रकार उजागर किया गया है ? सोदाहरण स्पष्ट कीजिए ।

OR

13. 'टूटे-फूटे खंडहर सभ्यता और संस्कृति के इतिहास के साथ-साथ अपने समय का दस्तावेज़ भी होते हैं ।' 'अतीत में दबे पाँव' के आधार पर उपर्युक्त कथन की पुष्टि कीजिए ।

14(क). ऐन फ्रेंक की डायरी को एक महत्त्वपूर्ण दस्तावेज क्यों माना जाता है ?

14(ख). 'सिल्वर वेडिंग' कहानी में यशोधर पंत को बच्चों की तरक्की अच्छी भी लगती है और 'सम-हाउ-इंप्रॉपर' भी । कारण स्पष्ट कीजिए ।

14(ग). मुअनजो-दड़ो की सभ्यता को 'लो प्रोफाइल' सभ्यता क्यों कहा गया है ? 'अतीत में दबे पाँव' के आधार पर लिखिए ।

- End of Question Paper -